राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर

रिपोर्ट

प्लेसमेंट एंड करियर काउंसलिंग सेल

प्रतिवेदन सत्र 2023–2024

महाविद्यालय के प्लेसमेंट एंड करियर काउंसलिंग सेल द्वारा छात्राओं के लिए वर्ष पर्यंत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह सभी गतिविधियां समिति प्रभारी डॉ. अशोक सोनी एवं सदस्य डॉ. बिंदु कटारिया, डॉ. शुभ्रा तिवारी, डॉ. सोफिया नलवाया, डॉ. ज्योति गौतम, डॉ. श्रुति टंडन, डॉ. स्नेहा बाबेल, डॉ. साक्षी चौहान द्वारा आयोजित किए गए।

सेल की विभिन्न गतिविधियां इस प्रकार है।

1. दिनांक 29.9.2023 को संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में 15 कंपनियां (निजी एवं सरकारी क्षेत्र) ने विभिन्न पदों हेतु छात्राओं का साक्षात्कार लिया। महाविद्यालय की इस स्नातक तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर की 509 छात्राओं ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीकरण करवाया। जिसमें से 187 छात्राओं ने विभिन्न कंपनियों में साक्षात्कार दिया।
2. दिनांक 23.12.2023 को मेवाड़ यूनिवर्सिटी चितौड़गढ़ में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया जिसकी सूचना महाविद्यालय की छात्राओं को प्लेसमेट सेल के व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा दी गई एवं रजिस्ट्रेशन कराने हेतु संपूर्ण जानकारी व्हाट्सएप एवं सूचना पथ पर प्रदान की गई।
3. दिनांक 8.1.2024 और 9.1.2024 को प्लेसमेंट सेल एवं कंप्यूटर साइंस परिषद के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस दो दिवसीय कार्यशाला में एम. प्रोफेशनल एजुकेशन लर्निंग के एम.डी तरुण टांक ने छात्राओं को आईटी क्षेत्र का महत्व, वेबसाइट तथा सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में करियर, आईटी में जॉब रोल, साक्षात्कार की तैयारी, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी), मॉक इंटरव्यू, औपचारिक वेशभूषा आदि की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय की 108 छात्राओं ने इस कार्यशाला में पंजीकरण करवाया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को ई सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यशाला में भाग लेने

Scanned by CamScanner

वाली तीन छात्राओं का चयन एम. प्रोफेशनल एजुकेशन लर्निंग में निशुल्क 6 दिवसीय ट्रेनिंग हेतु किया गया।

4. दिनांक 1.02.2024 को प्लेसमेंट सेल एवं अनुष्का अकैडमी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्रावास में कार्य काउंसलिंग पर सामान्य छात्रावास एवं जनजाति छात्रावास की छात्राओं के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हेमंत बाबेल व विपिन सरोहा थे। कार्यक्रम में छात्रावास की 237 छात्राओं को सिविल सर्विस परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के गुरु मंत्र बताएं एवं मोटिवेशनल विचारों से छात्राओं को संबोधित किया गया। सत्र में प्रश्न उत्तर राउंड की विजेता छात्रों को अनुष्का अकादमी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्रभारी

प्लेसमेंट सेल

Scanned by CamScanner